# हरिहर काका

Question 1.
ज़मीन के संबंध में लेखक ने हरिहर काका को क्या सलाह दी ?
(a) कि आप ज़मीन ठाकुर जी के नाम लिख दो
(b) कि आप अपनी ज़मीन अपने भतीजों के नाम लिख दो
(c) कि आप अपनी ज़मीन अपने भाइयों के नाम लिख दो
(d) अपने जीते-जी अपनी जायदाद का स्वामी किसी को बनाना ठीक नहीं

▼ Answer

Answer: (d) अपने जीते-जी अपनी जायदाद का स्वामी किसी को बनाना उचित नहीं है।

---

Question 2.
हरिहर काका ने क्या निश्चय किया ?
(a) वे अपनी ज़मीन बेचकर हरिद्वार चले जाएँगे
(b) वे अपनी जीते-जी ज़मीन किसी को नहीं लिखेंगे
(c) वे अपनी ज़मीन विद्यालय के लिए दे देंगे
(d) वे अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम लिख देंगे

▼ Answer

Answer: (b) वे अपनी जीते-जी ज़मीन किसी को नहीं लिखेंगे
कि वे अपनी जमीन अपने जीते-जी किसी को नहीं लिखेंगे।

---

Question 3.
बीतते समय के अनुसार महंत जी की चिंताएँ क्यों बढ़ रही थी ?
(a) वे बूढ़े हो रहे थे
(b) ठाकुरबारी को सँभालने वाला कोई नहीं था
(c) जाल में फँसी चिड़िया पकड़ से बाहर हो गई थी
(d) हरिहर काका उनकी बात नहीं सुन रहे थे

▼ Answer

Answer: (c) जाल में फँसी चिड़िया पकड़ से बाहर हो गई थी।

---

Question 4.
हरिहर काका किसके व्यवहार से आसमान से ज़मीन पर आ गए ?
(a) अपनी भाइयों के
(b) पुलिस के
(c) गाँव वालों के
(d) महंत के

▼ Answer

Answer: (d) महंत के।

---

Question 5.
महंत के चंगुल से छूटने के बाद हरिहर को किस प्रकार रखा जाने लगा ?
(a) बहुमूल्य वस्तु की तरह संजोकर
(b) दुल्हन की तरह परदे में
(c) कड़े पहरे में
(d) 'a' और 'b' दोनों कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) 'a' और 'b' दोनों कथन सत्य हैं।

---

Question 6.
हरिहर काका एक सीधे-साधे भोले किसान की अपेक्षा..........हो चले थे।
(a) जागरूक
(b) शंकालु
(c) चतुर और ज्ञानी
(d) बहादुर

▼ Answer

Answer: (c) चतुर और ज्ञानी।

---

Question 7.
अज्ञान की स्थिति में मनुष्य किससे डरता है ?
(a) मृत्यु से
(b) भूत से
(c) डाकुओं से
(d) पापकर्म से

▼ Answer

Answer: (a) मृत्यु से।

---

Question 8.
हरिहर काका के साथ घटी घटनाओं में कौन-सी घटना अब तक की अंतिम घटना है ?
(a) महंत द्वारा हरिहर का अपहरण
(b) भाइयों की पत्नियों द्वारा रूखा-सूखा भोजन दिया जाना
(c) लेखक द्वारा हरिहर को समझाना
(d) भाइयों द्वारा हरिहर काका के साथ मारपीट

▼ Answer

Answer: (d) भाइयों द्वारा हरिहर काका के साथ मारपीट।

---

Question 9.
गाँव के नेताजी हरिहर काका की ज़मीन पर क्या बनवाना चाहते हैं ?
(a) हरिहर नाम से एक विद्यालय
(b) उनके नाम पर एक हॉस्पिटल

(c) एक मंदिर
(d) एक धर्मशाला

▼ Answer

Answer: (a) हरिहर नाम से एक विद्यालय
हरिहर काका के नाम से एक विद्यालय।

---

Question 10.
हरिहर काका के खर्च पर आजकल कौन मौज मस्ती कह रहे हैं ?
(a) महंत एवं उसके पुजारी
(b) पुलिस के जवान
(c) हरिहर काका के भाई
(d) गाँव के एक नेता

▼ Answer

Answer: (b) पुलिस के जवान।

---

Question 11.
हरिहर काका कितने भाई हैं ?
(a) तीन
(b) चार
(c) पाँच
(d) छह |

▼ Answer

Answer: (b) चार।

---

Question 12.
हरिहर काका के परिवार के पास कितनी ज़मीन है ?
(a) पन्द्रह बीघे
(b) तीस बीघे
(c) पैंतालिस बीघे
(d) साठ बीघे

▼ Answer

Answer: (d) साठ बीघे
साठ बीघा।

---

Question 13.
हरिहर काका के भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दे रखी है ?
(a) सदा सत्य बोलो
(b) हरिहर काका की अच्छी तरह सेवा करो
(c) अतिथियों को भगवान समझो
(d) चुगली मत करो

▼ Answer

Answer: (b) हरिहर काका की अच्छी तरह सेवा करो
काका की अच्छी तरह सेवा करो।

---

Question 14.
हरिहर काका की तबियत खराब होने पर कौन उनकी सेवा करता है ?
(a) उनके भाई
(b) भाइयों की पत्नियाँ
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) हरिहर काका स्वयं उठकर अपनी जरूरतों को पूरा करते थे

▼ Answer

Answer: (d) हरिहर काका स्वयं उठकर अपनी जरूरतों को पूरा करते थे।

---

Question 15.
हरिहर काका की भाइयों के परिवार के प्रति मोहभंग की शुरुआत कब हुई ?
(a) जब भाइयों की पत्नियों ने उनकी सेवा करनी बंद कर दी
(b) जब महंत ने आकर काका को समझाया
(c) जब लेखक ने काका को समझाया
(d) जब हरिहर काका की पत्नियों की मृत्यु हो गई।

▼ Answer

Answer: (a) जब भाइयों की पत्नियों ने उनकी सेवा करनी बंद कर दी
जब भाइयों की पत्नियों ने काका की सेवा करनी छोड़ दी।

---

Question 16.
'मैं अनाथ और बे सहारा नहीं हूँ', यह कथन हरिहर काका ने किस बात को लेकर कहा ?
(a) जब उनके घर ठाकुरबारी का महंत आया
(b) जब उनके घर एक अतिथि आए और काका को रूखा-सूखा भोजन दिया गया
(c) जब काका के भाइयों की पत्नियों ने उन पर व्यंग्य किया
(d) जब काका के भाई घर पर मौजूद थे

▼ Answer

Answer: (b) जब उनके घर एक अतिथि आए और काका को रूखा-सूखा भोजन दिया गया
जब काका को रूखा-सूखा भोजन दिया गया।

---

Question 17.
ठाकुरबारी के महंत ने हरिहर काका को क्या समझाया ?
(a) अपने भाइयों के साथ प्रेमपूर्वक रहो
(b) अपनी ज़मीन अपने भाइयों के नाम मत करना
(c) अपनी ज़मीन विद्यालय बनवाने लिए दे दो
(d) अपनी ज़मीन ठाकुर जी के नाम लिख दो

▼ Answer

Answer: (d) अपनी जमीन ठाकुर जी के नाम लिख दो।

---

Question 18.
महंत के अनुसार ज़मीन ठाकुर जी के नाम लिखने से उनको किसकी प्राप्ति होगी ?
(a) धन की
(b) बैकुण्ठ की
(c) स्वर्ग की
(d) सम्मान की

▼ Answer

Answer: (b) बैकुण्ठ की
बैकुण्ठ की प्राप्ति।

---

Question 19.
खलिहान से लौटने पर हरिहर के भाइयों को किस दुर्घटना का पता चला ?
(a) कि हरिहर नाराज होकर चले गए
(b) महंत ने हरिहर काका से ज़मीन अपने नाम लिखवा ली
(c) महंत ने उनकी ज़मीन ठाकुर जी के नाम लिखवा ली
(d) हरिहर काका अपनी ज़मीन का बँटवारा चाहते थे |

▼ Answer

Answer: (a) कि हरिहर नाराज होकर चले गए।

---

Question 20.
हरिहर के भाइयों की चिंता का क्या कारण था ?
(a) महंत द्वारा हरिहर को ठाकुरबारी ले जाना
(b) हरिहर काका की पन्द्रह बीघा उपजाऊ ज़मीन
(c) उनकी पत्नियों द्वारा किया गया दुर्व्यवहार
(d) हरिहर काका की बेरुखी

▼ Answer

Answer: (b) हरिहर काका की पन्द्रह बीघा उपजाऊ जमीन।

---

Question 21.
हरिहर काका के प्रति लेखक की आसक्ति का क्या कारण है ?
(a) हरिहर काका लेखक के पड़ोसी हैं
(b) हरिहर काका बचपन में लेखक को बाप से भी बढ़कर प्यार करते थे
(c) हरिहर काका लेखक को कंधे पर बैठाकर घुमाया करते थे
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 22.
हरिहर काका की स्थिति की तुलना लेखक ने किससे की है ?
(a) बे पेंदी के लोटे से
(b) मझधार में फँसी नौका से
(c) जाल में फँसी मछली से
(d) पिंजरे में बंद पक्षी से

▼ Answer

Answer: (b) मझधार में फँसी नौका से।

---

Question 23.
लेखक का गाँव किस शहर के पास स्थित है ?
(a) बनारस के
(b) पाटलिपुत्र के
(c) आरा के
(d) भागलपुर के

▼ Answer

Answer: (c) आरा के
आरा (बिहार) के।

---

Question 24.
लेखक के गाँव के लोगों का विश्वास किसके प्रति है ?
(a) ठाकुरबारी के
(b) हरिहर काका के
(c) महंत एवं पुजारियों के
(d) लेखक के प्रति |

▼ Answer

Answer: (a) ठाकुरबारी के
ठाकुरबारी के प्रति।

---

Question 25.
ठाकुरबारी के नाम पर कितनी जमीन है ?
(a) दस बीघा
(b) पन्द्रह बीघा
(c) बीस बीघा
(d) चालीस बीघा

▼ Answer

Answer: (c) बीस बीघा।

---

Question 26.
ठाकुरबारी की स्थापना के संबंध में क्या कथा प्रचलित है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु:

- इस स्थान पर वर्षों पहले एक संत आकर रहने लगे थे
- वे ठाकुर जी की पूजा करते थे
- लोगों में धीरे-धीरे पूजा का भाव जाग्रत हो गया
- चंदा इकट्ठा करके ठाकुर जी का मंदिर बनवाया गया

---

Question 27.
हरिहर काका की पारिवारिक स्थिति कैसी है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु:

- ये चार भाई हैं
- हरिहर काका की दो शादियाँ हुईं
- इनके कोई संतान नहीं है
- हरिहर काका अपने भाइयों के साथ ही रहते थे
- अब पुलिस के संरक्षण में अकेले रहते हैं।

---

Question 28.
हरिहर काका की अपने परिवार से नाराजगी का क्या 'कारण था ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदुः

- भाइयों की पत्नियों द्वारा ध्यान न रखना
- रूखा सूखा भोजन देना
- उपेक्षापूर्ण व्यवहार करना।

---

Question 29.
ठाकुरबारी के महंत को हरिहर काका की नाराजगी का कैसे पता चल ? पता चलने पर उसने क्या किया ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदुः

- पुजारी पूजा का सामान लेने आया था
- महंत हरिहर काका को ठाकुरबारी ले आए।

---

Question 30.
हरिहर काका का अपने जीते जी किसी के नाम अपनी जायदाद न लिखना कहाँ तक उचित है। तर्क सहित उत्तर दीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदुः

- पूर्णतया उचित है
- क्योंकि लोग कुछ पाने की चाह में ही किसी की सेवा करते हैं
- यदि धन-सम्पत्ति पास न हो तो कोई सहायक नहीं होता
- समाज में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी सम्पत्ति अपने रिश्तेदारों को दी बाद में उनका जीवन कुत्ते से भी बदतर देखा गया।

---

Question 31.
अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु:

- हरिहर काका जानते हैं कि जमीन चले जाने पर कोई उनको रोटी के लिए भी नहीं पूछेगा
- उसको पता है कि उसके भाई और महंत उसकी जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाए हैं
- उसने अपने अनुभव के आधार पर जाना कि जो लोग अपने जीते जी अपनी जायदाद रिश्तेदारों को देते हैं, बाद में उसका क्या हश्र होता है।

---

Question 32.
कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, "अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मत्यु से डरते हैं। ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है।"

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदुः

- हरिहर काका को महंत द्वारा यातनाएँ देना
- हरिहर काका द्वारा मौत का साक्षात्कार करना
- पुनः अपने भाइयों द्वारा यातनाएँ दिया जाना
- भाइयों के सामने तनिक भी न घबराना।

---

Question 33.
समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु:

- समाज का भौतिकवाद की गिरफ्त में होना
- स्वार्थ की बुनियाद पर रिश्तों का कायम होना
- भाई से अधिक उनकी जायदाद का प्रिय होना।

---

Question 34.
महंत की यह छवि देखकर समाज में कुकुरमुत्तों की तरह पनप रहे साधु-संयासियों के प्रति तुम्हारी क्या धारणा बनती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदुः

- अधिकतर साधु के वेश में असाधु ही हैं
- आजकल के साधु भौतिकवादी हैं
- दूसरों को माया-मोह त्यागने की बात करने वाले स्वयं इसकी गिरफ्त में हैं
- आजकल के साधु विश्वास के योग्य नहीं हैं

---